**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–18 *फरवरी* 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केंद्र सरकार ने एकीकृत प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान–पीएम आशा योजना को वर्ष दो हजार पचीस छब्बीस तक जारी रखने का लिया फैसला।
- आज से शुरू हो रहा है प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र, बीस फरवरी को बजट पेश करने की तैयारी।
- प्रयागराज महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने वालों की संख्या पहुंची चौवन करोड़ के पार, काशी तमिल संगमम में आए प्रतिनिधिमंडल ने भी किया पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान।
- ज्ञानेश कुमार होंगे देश के अगले मुख्य चुनाव आयुक्त।

**********

केन्द्र सरकार ने एकीकृत प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान–पीएम आशा योजना को वर्ष दो हजार पचीस छब्बीस तक जारी रखने को स्वीकृति दे दी है। इसके साथ ही सरकार ने खरीद वर्ष दो हजार चौबीस पचीस के लिए न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना के तहत राज्यों की तुअर, उड़द और मसूर दालों की समस्त पैदावार को भी खरीदने की अनुमति दी है। सरकार के इस फैसले से दालों के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम करने में सहायता मिलेगी।

**********

प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र आज से शुरु हो रहा है। पांच मार्च तक चलने वाले इस सत्र में बीस फरवरी को बजट पेश किया जाएगा। इसी क्रम में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में कल सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। नेता सदन ने विपक्षी दलों से सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों के नेताओं से जनहित के मुद्दों को सदन में रखने और स्वस्थ चर्चा के जरिए प्रदेश में विकास को और गति प्रदान करने का अनुरोध किया। उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने बताया है कि प्रदेश सरकार सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर बजट पेश करेगी।

***प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जो केन्द्र सरकार का बजट आया है, उसी से प्रेरणा लेकर के उत्तर प्रदेश की पच्चीस करोड़ जनता की भलाई के लिए, गरीबों के कल्याण के लिए, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए, किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए और समाज के सभी वर्गों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए ऐसा बजट हम लोग लाने का प्रयास करेंगे।***

बजट सत्र से पहले कल मुख्यमंत्री ने विधानभवन के नव निर्मित मुख्य द्वार और विधानसभा परिसर में लगाए गए नए भित्ति चित्रों का अनावरण भी किया।

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी विधायक दल के साथ बैठक की और प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से शिष्टाचार मुलाकात भी की।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन प्रयागराज महाकुंभ से लाखों लोगों को रोजगार भी मिला है। मुख्यमंत्री कल लखनऊ में युवा उद्यमियों के साथ संवाद कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश को निवेश का हब बनाने के लिये उठाये गये कदमों की भी जानकारी दी।

***प्रदेश इन्वेसटमेंट का एक बेहतरीन डेस्टिनेशन के रूप में उभरे इसके लिए हमलोगों ने सिंगल विन्डो प्लेटफार्म तो दिया ही लैंडबैंक भी दिया सुरक्षा का एक बेहतरीन माहौल भी दिया और एक एक स्तर पर मॉनीटरिंग के मैक्निजम को इतना मजबूत किया कि आज कोई एक बार आता है तो उसको लगता है कि हा मुझे अपना निवेश यूपी में करना चाहिए।***

**********

प्रयागराज महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने वालों की संख्या चौवन करोड़ इकतीस लाख से अधिक हो गई है। कल रात तक एक करोड़ पैंतिस लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी में स्नान किया। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस, केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया, केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल और आंध्र प्रदेश के मानव संसाधन विकास मंत्री नारा लोकेश ने भी कल पवित्र संगम में स्नान किया। वाराणसी में चल रहे काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण में आए पहले दल ने कल महाकुंभ स्नान किया। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***दक्षिण भारत से काशी तमिल संगमम का पहला दल कल महाकुंभ पहुंचा। काशी तमिल संगमम के लोगों ने महाकुंभ में भ्रमण के बाद अपने अनुभव साझा किए। तमिलनाडु के पनरुति शहर से आए श्रीधर राधाकृष्णन ने कहा कि ये आयोजन अपने आप में अदभुत और दिव्य है। तमिलनाडु के तिरुवन्नामलाई से आए छात्र नारायणमूर्ति ने कहा कि महाकुंभ न केवल उत्तर और दक्षिण के बीच सांस्कृतिक संगम है, बल्कि वैश्विक संस्कृति और भाईचारे का मिलन स्थल भी है। डिजिटल कुंभ प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद उद्घाटन दल अयोध्या के लिए रवाना हो गया। आदर्श के साथ अभिषेक कपिल, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।***

श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के आचार्य पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी ने महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि प्रयागराज के महाकुंभ ने सफलता के नए कीर्तिमान बनाए हैं।

**********

महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए प्रयागराज के दारागंज स्थित संगम रेलवे स्टेशन से ट्रेनों का संचालन अट्ठाइस फरवरी तक बंद रहेगा। रेलवे ने मेला स्पेशल ट्रेनों की अधिक संख्या के कारण लखनऊ मंडल से जाने वाली कुछ ट्रेनों को निरस्त भी किया है। महाकुंभ जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ के मद्देनजर प्रदेश भर में रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है।

इस बीच रेलवे ने देशभर के साठ रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए स्थायी होल्डिंग एरिया बनाने की योजना बनाई है। इसके अंतर्गत रेलवे अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए विशेष मौकों पर भीड़ नियंत्रण के लिए कार्य करेगा।

**********

काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण के तीसरे दिन तमिलनाडु से आये किसानों के समूह ने कल वाराणसी के हनुमान घाट पर गंगा स्नान कर सुख समृद्धि की कामना की। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***काशी तमिल संगमम के तहत काशी आए दल ने गंगा स्नान के बाद घाट पर स्थित प्राचीन मंदिरों में दर्शन–पूजन किया। सभी मेहमानों को मंदिरों के इतिहास, दिव्यता और भव्यता के बारे में जानकारी दी गई। इस समूह ने कांची मठ पहुंचकर वहां के इतिहास के बारे में जानकारी ली। छात्रों के साथ आए असिस्टेंट प्रोफेसर शुभ चंद्रा ने कहा कि इस आयोजन के जरिए उन्हें कांची और काशी के बीच के संबंध को जानने और समझने का मौका मिल रहा है। काशी तमिल संगमम का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत के विजन को साकार करने के उद्देश्य से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। मनीष सिंह आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।***

संगमम के तहत काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में कल आयोजित बौद्धिक सत्र में कृषि और पारस्परिक हस्तकला में पारस्परिक ज्ञान साझा कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और मजबूत बनाने पर मंथन हुआ। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कल संगमम के तहत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने तमिलनाडु से आए छात्र समूहों के साथ बातचीत भी की।

**********

केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कल वाराणसी में केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ के सोलहवें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर श्री शेखावत ने कहा कि भारत तिब्बत की ज्ञान परम्परा और भगवान बुद्ध के शांति के संदेश को यह संस्थान दुनिया भर में पहुंचा रहा है।

**********

ज्ञानेश कुमार देश के अगले मुख्य चुनाव आयुक्त होंगे। कानून मंत्रालय ने कल देर रात उनके चयन की अधिसूचना जारी कर दी। वह कल से वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का स्थान लेंगे। उन्नीस सौ अठासी बैच के केरल कैडर के आईएएस अधिकारी रहे ज्ञानेश कुमार का चयन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की चयन समिति ने किया है। इसी क्रम में उन्नीस सौ नवासी बैच के आईएएस अधिकारी डॉ विवेक जोशी को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है।

**********